**K23U 0026**

Reg. No. : ……………………………

Name : ……………………………

**II Semester B.Com. /B.B.A. Degree (PVT REG – Reg./Supple./Imp.)**
**Examination, April 2022**
**(2020 Admission Onwards)**
**ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI**
**2A08-1HIN : व्यवहारिक हिंदी/Vyavaharik Hindi**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

1) आधुनिक युग में मनोरंजन के विभिन्न पहलुओं पर विचार कीजिए ।

2) आज की शिक्षा प्रणाली और विद्यार्थी जीवन ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

3) आपके एक मनपसंद अभिनेता से हुई बातचीत को लेकर एक भेंटवार्ता तैयार कीजिए ।

4) संकेत बिंदुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए ।

आलसी लड़का ________ पैसों से भरा एक थैला ________ बिना प्रयास के ही इतने सारे पैसे ________ व्यर्थ खर्च ________ कार्य करने की कोई आवश्यकता ही नहीं ________ कद्र और उपयोगिता ________ ।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार लिखिए । (3×3=9)

5) **हिंदी** में अनुवाद कीजिए ।

Discipline is very essential in every walk of life. Discipline is the soul of military life. Without discipline an army is no better than a crowd. It is the first thing needed for maintaining the harmony and concord in a family. It is equally necessary in maintaining peace and harmonious relation in society in a nation. 'Child is the father of man' so says Wordsworth. Childhood is the part of a man's life when it can easily be moulded. If a student forms discipline habits in his school career, it will have a good effect upon his future life.

P.T.O.



6) **अंग्रेजी** में या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए ।

आधुनिक उद्योगों में माल को भंडार ग्रहों में जमा करने के महत्व पर पूरी तरह से ध्यान नहीं दिया जाता । उत्पादन विभाग तो साज सज्जा से सुसज्जित होता है, परंतु भंडारियों को छोटे अव्यवस्थित तथा अंधेरे क्वार्टरों में रहना पड़ता है और प्रायः कम वेतन पाते हैं । माल की हानि, गलत माल देना, अचानक ही माल खत्म हो जाना, गलत वाउचर बन जाना आदि ऐसी सुविधाओं का, जो माल के उत्पादन में विलंब करती हैं और कर्मचारियों के लिए सिरदर्द बनती है, हो ना कोई आश्चर्यजनक नहीं है ।

7) हाल ही में देखी एक सिनेमा के बारे में अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

8) एक बैंक में एक लिपिक का पद रिक्त है, इस पद के लिए एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (3×3=9)

9) निम्नलिखित शब्दों को **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए ।

1) संलग्न, आयात
2) पूछताछ, सूचना
3) गोपनीय, न्यायालय
4) कर्मचारी, चेतावनी
5) स्वीकार, उच्च शिक्षा
6) प्रकाशक, निविदा

10) निम्नलिखित शब्दों को **हिंदी** में अनुवाद कीजिए ।

1) Cashier, Cheque
2) Bonus, Clerk
3) Deposit, Discount
4) Income tax, Industry
5) Membership, Trade
6) Traffic, Telegram

11) एक साबुन की टिकिया आपको भेजनी है । उसका एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।



12) संक्षेपण लिखिए ।

जनसंख्या वृद्धि वह समस्या है, जिसे हम सभी समस्याओं की जननी कह सकते हैं । वह समस्या इसलिए हैं कि धरती पर मानव के जीवन साधारण के लिए आवश्यक साधन तो सीमित हैं और इन साधनों का उपभोग करने वाले लोगों की संख्या निरंतर बढ़ती चली जा रही है । वैसे तो सारी दुनिया के लिए जनसंख्या वृद्धि समस्या बनी हुई है किंतु अविकसित और अर्ध विकसित राष्ट्रों के लिए तो वह समस्या और भी विकराल रूप धारण किए हुए है । जनसंख्या वृद्धि के कई कारण हो सकते हैं , किंतु मुख्य कारण है – शिक्षा का अभाव या प्रायः देखा गया है कि जहाँ शिक्षा का खूब प्रचार है, वहाँ जनसंख्या वृद्धि या तो होती नहीं या बहुत कम होती है ।

V. **एक** या **दो** वाक्यों में किन्हीं **8** प्रश्नों का उत्तर लिखिए । (8×1=8)

13) संज्ञा क्या है ? उसके भेदों पर प्रकाश डालिए ।

14) वचन बदलिए: तिथि, नदी, वस्तु, चिड़िया

15) तुमने ऐसा काम नहीं करना चाहिए । (शुद्ध कीजिए)

16) क्रिया क्या है ? उसके कितने भेद हैं ?

17) सर्वनाम क्या है ? सोदाहरण समझाइए ।

18) विशेषण कितने प्रकार के हैं ?

19) विकारी शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए ।

20) बच्चे ने रोटी खाया । (वाच्य बदलिए)

21) कारक क्या है ? उदाहरण दीजिए । कितने भेद है ?

22) लिंग बदलिए: विद्यार्थी, मर्द गुरु, माली ।